हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026



# बागनारा में तेंदुए की फिर आमद, दो हमलों में पालतू कुत्तों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी वन क्षेत्र के बागनारा गांव में इन दिनों तेंदुए की सक्रियता बढ़ने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। जंगल से लगे एक फार्म हाउस में शनिवार और मंगलवार की रात तेंदुए ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो पालतू कुत्तों को अपना शिकार बना लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में एसडीओ महेंद्र सिरदार, वन परिक्षेत्र अधिकारी ऐश्वर्य चंद्राकर की टीम गांव पहुंचकर घटना की मॉनेटिंग कर रहे हैं। आम जनजीवन को सुरक्षित रखने तथा जंगली जानवरों में शेड्यूल 1 माने जाने वाले तेंदुआ के जीवन पार्जन को सुरक्षित रखने वन अमला मुस्तैदी के साथ ग्रामीणों को सतर्क कर रहे है।

## जानकारी मिलते ही वन विभाग के अफसर स्वयं कर रहे मॉनिटरिंग

### लगाया जा रहा है ट्रैप कैमरा

बागनारा गांव में पिछले सात-आठ महीने पूर्व वन्य जीव तेंदुआ गांव में लगातार देखा जा रहा था। इस दौरान तेंदुआ द्वारा कोई भी हिंसक घटना को अंजाम नहीं दिया गया था। अचानक शनिवार और मंगलवार रात को जंगल से निकलकर तेंदूआ ने एक के बाद एक दो पालतू कुत्तों का शिकार कर लिया। जिसके बाद गांव में दहशत है। फॉरेस्ट अमले द्वारा घटनास्थल पर ट्रैप कैमरा लगाया गया है। घटना की मॉनिटरिंग वन विभाग के अफसर स्वयं कर रहे हैं।



### मॉनिटरिंग जारी

पूरे मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है। गांव में फॉरेस्ट अमला मौजूद है। आम जनजीवन और जंगली-जानवर की सुरक्षा के लिए भूमिका निभाई जा रही है।

- ऐश्वर्य चंद्राकर, रेंज अफसर, अंबागढ़ चौकी

### करा रहे मुनियादी

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जंगली हाथियों के दंगल के साथ-साथ शेर, तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर का आबादी में विचरण के साथ-साथ शिकार करने की खबरें समय-समय पर मिलती रहती है। कुछ दिनों की खामोशी के बाद तेंदुआ द्वारा बागनारा गांव में फिर से विचरण करते हुए शिकार करने की पुष्टि हुई है। जान-माल की रक्षा के लिए वन विभाग की तरफ से सतर्कता बरतने मुनियादी कराई जा रही है। सतर्कता बरतने की ग्रामीणों को हिदायत दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम बागनारा में बीते 7 -8 महीने के बाद फिर से वन्य जीव तेंदुए की आमद हुई है। बीते शनिवार और मंगलवार की दरमियानी रात को जंगल से सटे एक फार्म हाउस में एक के बाद एक तेन्दुआ ने दो पालतू कुत्तों का शिकार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी ऐश्वर्य चंद्राकर की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। विभाग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, ताकि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।फॉरेस्ट अमले ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। बच्चों और पालतू जानवरों को सुरक्षित रखें तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना प्रदान करें।

## जमीन कारोबार:शहर के 11 वार्डों के दाम बढ़े, ग्रामीण इलाकों में भी मामूली कटौती

# तीन माह इंतजार के बाद भी राहत नहीं कम होने की बजाए बढ़े जमीन के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन महीने के इंतजार बाद आखिरकार राजनांदगांव जिले के लिए जमीन के नए सरकारी दाम जारी कर दिए गए हैं। जमीन कारोबारियों को उम्मीदें थी कि सरकार उनकी पीड़ा को समझेगी और दामों में कमी की जाएगी, लेकिन नए दाम में ऐसा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है, बल्कि शहर के लगभग 11 वार्ड में जमीन के दामों में इजाफा कर दिया गया है। वहीं 29 वार्ड ऐसे हैं, जहां दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि 11 वार्ड ऐसे हैं, जहां स्वीकृत अभिविन्यास की दरों में कटौती की गई है।

ग्रामीण इलाकों में भी अधिकांश इलाकों का दाम नहीं बदला गया है, जहां बदलाव हुआ है, वहां भी मामूली राहत ही दी गई है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जमीन कारोबारियों की मांग को खारिज करते हुए सरकार ने अपने नए दामों को ही यथावत रखा है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर महीने में सात साल के अंतराल बाद प्रदेश सरकार ने जमीनों के दाम में इजाफा कर दिया गया था। जिसका विरोध जताते करीबन एक पखवाड़े तक प्रदेशभर में जमीन कारोबारियों ने प्रदर्शन भी किया था। उसके बाद सभी जिलों को नए सिरे से बैठक कर दामों के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। राजनांदगांव जिला मूल्यांकन समिति ने भी अपना प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा था, जिसे अब 17 फरवरी को स्वीकृति प्रदान करते बुधवार से लागू कर दिया गया है।

| वार्ड क्रमांक | 2018 | 2025 | संशोधित |
|---|---|---|---|
| वार्ड 1 | 3400 | 4500 | 6000 |
| वार्ड 2 | 3600 | 4500 | 6000 |
| वार्ड 3 | 3200 | 4500 | 6000 |
| वार्ड 4 | 2900 | 4500 | 6000 |
| वार्ड 5 | 9500 | 18000 | 12000 |
| वार्ड 6 | 9500 | 15000 | 12000 |
| वार्ड 7 | 9500 | 18000 | 12000 |
| वार्ड 8 | 3400 | 4500 | 4500 |
| वार्ड 9 | 4700 | 6000 | 6000 |
| वार्ड 10 | 4800 | 12000 | 12000 |
| वार्ड 11 | 4800 | 15000 | 12000 |
| वार्ड 12 | 9500 | 15000 | 12000 |
| वार्ड 13 | 9500 | 15000 | 12000 |
| वार्ड 14 | 6400 | 18000 | 72000 |
| वार्ड 15 | 61000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 16 | 40000 | 24000 | 24000 |
| वार्ड 17 | 21000 | 25000 | 40000 |
| वार्ड 18 | 21000 | 24000 | 24000 |
| वार्ड 19 | 21000 | 25000 | 25000 |
| वार्ड 20 | 13500 | 24000 | 24000 |
| वार्ड 21 | 13500 | 24000 | 20000 |
| वार्ड 22 | 35000 | 36000 | 36000 |
| वार्ड 23 | 35000 | 42000 | 42000 |
| वार्ड 24 | 65000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 25 | 65500 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 26 | 60000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 27 | 65000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 28 | 28000 | 36000 | 36000 |
| वार्ड 29 | 42000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 30 | 24000 | 15000 | 36000 |
| वार्ड 31 | 8500 | 30000 | 30000 |
| वार्ड 32 | 11500 | 18000 | 11000 |
| वार्ड 33 | 2600 | 18000 | 18000 |
| वार्ड 34 | 5500 | 18000 | 11000 |
| वार्ड 35 | 8500 | 18000 | 11000 |
| वार्ड 36 | 65000 | 7000 | 12000 |
| वार्ड 37 | 55000 | 72000 | 72000 |
| वार्ड 38 | 26000 | 30000 | 65000 |
| वार्ड 39 | 27000 | 30000 | 30000 |
| वार्ड 40 | 18500 | 30000 | 30000 |
| वार्ड 41 | 28000 | 18000 | 18000 |
| वार्ड 42 | 15500 | 18000 | 18000 |
| वार्ड 43 | 30000 | 36000 | 36000 |
| वार्ड 44 | 30000 | 36000 | 36000 |
| वार्ड 45 | 17000 | 24000 | 25000 |
| वार्ड 46 | 16000 | 18000 | 18000 |
| वार्ड 47 | 6500 | 18000 | 12000 |
| वार्ड 48 | 12500 | 15000 | 18000 |
| वार्ड 49 | 3700 | 18000 | 12000 |
| वार्ड 50 | 6000 | 7000 | 8000 |
| वार्ड 51 | 3200 | 4500 | 4500 |

टीप : जमीन के सर्वाधिक सरकारी दाम प्रति वर्गमीटर में है। इनमें परिसीमन के बाद बदलाव शामिल नहीं है। नया दाम 2025 नवंबर में लागू किया गया, संशोधित दाम 18 फरवरी 2026 से लागू अनुसार

### बुधवार को प्रभावित रहा काम

ज्ञात हो कि इस महीने के पहले सप्ताह में ही जिला मूल्यांकन समिति ने बैठक कर अपना प्रस्ताव प्रदेश मूल्यांकन समिति को भेजा था, जिस पर स्वीकृति प्रदान करते 17 फरवरी को नई दर जारी कर दी गई। हालांकि इसे 18 फरवरी से लागू किया गया। बुधवार को नई दरें लागू होने के चलते पंजीयन का काम प्रभावित रहा, जहां अर्जीनवीस से लेकर जमीन कारोबार से जुड़े लोग नई दर के हिसाब से अपने पंजीयन की तैयारी करते दिखे।

### इन वार्ड में बढ़ गए दाम

20 नवंबर को जारी किए गए जमीनों के सरकारी दामों के मुकाबले 18 फरवरी से लागू दामों में कई वार्ड में दाम बढ़ा दिए गए हैं। इनमें शहर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 14, 17, 30, 36, 38, 45, 48 और वार्ड क्रमांक 50 शामिल है। इन वार्डों में जमीन के सर्वाधिक सरकारी दामों में इजाफा हुआ है। वहीं कुछ वार्ड में कमी भी की गई है। इनमें वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 11, 12, 13, 32, 34, 35, 47 और वार्ड क्रमांक 49 शामिल है। शेष वार्डों में जमीन के सर्वाधिक सरकारी दाम को यथावत रखा गया है।

**इन गांव में अब जमीनें महंगी:** ग्रामीण क्षेत्रों में करीबन 26 गांव ऐसे हैं, जहां जमीन के सरकारी दाम प्रति हेक्टेयर के साथ ही स्वीकृत अभिविन्यास के लिए वर्ग मीटर के अनुसार भी दाम जारी किए गए हैं। इनमें जोरातराई, सुकुलदैहान, इंदामरा, बरगा, रीवागहन, पनेका, फरहद, बांकल, बरगाही, लिटिया, बोरी, डिलापहरी, गठुला, सिंघोला, ठाकुरटोला, तोरनकट्टा, मनकी, परमालकसा, पारीकला, सुंदरा, इंदावानी, अंजोरा, टेड़ेसरा, देवादा, सोमनी और सांकरा शामिल है। जिले में पनेका, फरहद में 1.90 करोड़ रुपए और देवादा, सोमनी, टेड़ेसरा में 1.85 करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर की दर तय की गई है। जिले में सबसे कम दाम बुंदेलीखुर्द में 34 लाख से 25 लाख रुपए कर दिया गया है। वहीं अऊरदा, दर्रा, रीवागहन, मुड़पार, सेम्हरादैहान, डंगनिया, डारागांव, आलीखुंटा में 30 लाख रुपए हेक्टेयर की दर मुख्य मार्ग के लिए तय की गई है।

# मोहगांव क्षेत्र में हाथी की दस्तक पदचिन्ह से पुष्टि, विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल स्थित मोहगांव दरबानटोला गांव से लगे जंगल में बुधवार सुबह हाथी की चहल-कदमी की जानकारी मिली है, पर किसी नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। मामले की पुष्टि के बाद विभाग अलर्ट हो गया है। एहतियात के तौर पर आसपास के गांव में नोटिस चस्पा कर तथा मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दिया गया है।

आगे मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह जंगल से लगे गांव डुमरिया अमरपुर के समीप ग्रामीणों ने जमीन पर हाथी के पद चिन्ह सा आकृति देखा। जिसकी सूचना वन विभाग को दिया। जानकारी मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पतासाजी किया, जहां पदचिन्ह एवं मिले मल से स्पष्ट हो गया है कि क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी है। वन विभाग द्वारा तत्काल वनांचल समीप के गांव मोहगांव, दरबानटोला, डुमरिया एवं अमरपुर में कोतवाल के माध्यम से मुनादी कराया गया कि ग्रामीण जंगल एवं खेत की ओर न जाए तथा घर पर रहकर आवश्यक सावधानी बरतें।



### विभाग की सर्चिंग जारी

मोहगांव पंचायत के पूर्व दिशा के वन क्षेत्र में हाथी होने का अनुमान लगाने के बाद वन विभाग की टीम जंगल में हाथी को सर्च करने में लगा है। विभाग की अलग-अलग टीम हाथी के पदचिन्ह के आधार पर उसका लोकेशन ढूंढने में लगा हुआ है, पर समाचार लिखे जाने तक उसका लोकेशन ज्ञात नहीं हो पाया था।

### गांव तक सीमित रहे ग्रामीण

क्षेत्र में पहली दफा हाथी की मौजूदगी से ग्रामीण सहम गए हैं। मुनादी एवं विभाग के नोटिस पढ़ने के बाद ग्रामीणों द्वारा सतर्कता बरती जा रही ही है। बुधवार को ज्यादातर लोग गांव तक ही सीमित रहें तथा जंगल व खेत जाने से परहेज किया। वहीं स्कूल एवं आंगनबाड़ी की कक्षा भी प्रभावित रही।

### मिला है पदचिन्ह व मल

मोहगांव के पूर्व दिशा के जंगल में हाथी का पदचिन्ह एवं मल मिला है। आसपास के सभी गांव वालों को सतर्क रहने मुनादी कर दिया गया है। विभाग टीम बनाकर हाथी का लोकेशन पता करने में जुटा हुआ है।

- **एमएल खुटे,** एसडीओ, वन विभाग गंड़ई

### पदचिन्ह एवं मल से हुई पुष्टि

विभाग को डुमरिया-अमरपुर के समीप हाथी के पदचिन्ह तथा मल मिला। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि हाथी का विचरण क्षेत्र में हो रहा है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हाथी कवर्धा वन मंडल से इस ओर भटक कर आया है, पर अब तक किसी जन-धन को नुकसान पहुंचाने की खबर नहीं है। मिले पदचिन्ह की दिशा की ओर टीम सर्च कर रही है, दोपहर तक हाथी की संख्या, उम्र, लिंग आदि का पता नहीं चल पाया है।

## खबर संक्षेप

### रमजान का पहला रोजा आज

**राजनांदगांव।** मुस्लिम समाज में इबादत का पाक और मुकद्दस महीना रमजान बुधवार की शाम मस्जिदों से चांद दिखने की तस्दीक होने से शुरू हो गया है। समाज के लोग देर शाम तक चांद की तस्दीक में जुटे रहे। रमजान के इस महीने में मुस्लिम समाज के लोग पूरे माह चांद के अनुसार 29 या 30 दिनों तक रोजे रखते हैं। रमजान के महीने को लेकर मुस्लिम समाज में काफी उत्साह रहता है। इस पूरे महीने अल्लाह की इबादत, कुरान शरीफ की तिलावत और तराबीह की विशेष नमाज अदा की जाती है। रमजान को लेकर शहर के मस्जिदों में तराबीह की विशेष नमाज की तैयारी पहले ही कर ली गई थी। वहीं मस्जिदों में आकर्षक लाईटों से रौशनी की गई है। रमजान माह के 30 रोजे पूरे होने के बाद ईद का त्यौहर मनाया जाता है। इस दिन सभी घरों में मीठी सेवाईयां और सिरखुरमा बनाया जाता है।
रमजान का चांद दिखते ही लोगों ने एक-दूसरे को इबादत के इस पाक महीने की मुबारकबाद दी। चांद दिखने के साथ ही रमजान की पहली तराबीह आज से शुरू हो गई है। शहर के सभी मस्जिदों में तराबीह की नमाज पढ़ाई जाती है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का 9वां महीना होता है।
रमजान के इस महीने में 27वीं रोजे को शबेकद्र मनाया जाता है। इस महीने में यह काफी अहम दिन माना जाता है। रमजन का महीना इबादत के साथ दान का भी विशेष महत्व लिए हुए हैं। इस महीने में ज़कात, फितरा दिया जाता है।

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, डेढ़ साल से फरार दो महिला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन विक्रय दस्तावेज में अन्य महिला के स्थान पर स्वयं का फोटो लगाकर की गई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 2 वर्ष से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थी द्वारा 10 अगस्त 2024 को थाना बसंतपुर में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया कि उसकी माता एवं अन्य महिला के नाम दर्ज ग्राम कातुलबोर्ड स्थित खसरा नंबर 48/1 रकबा 1.10 डिसमिल भूमि को आरोपी प्रताप मजूमदार एवं अन्य सह-आरोपियों द्वारा कूटरचित पावर ऑफ अटॉर्नी 10 अगस्त 2023 तैयार कर विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय कर धोखाधड़ी की गई है।

शिकायत पर थाना बसंतपुर में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी प्रताप मजूमदार, हेमंत सेन एवं केशव देवांगन को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका था तथा अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी थी।

### दोनों महिला आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

इस मामले में एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर एवं सीएसपी वैशाली जैन द्वारा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए, जिस पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में घेराबंदी कर 2 फरार महिला आरोपियों को बोराई दुर्ग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने मुख्य आरोपी प्रताप मजूमदार के कहने पर पंजीयन कार्यालय में विक्रय पत्र हेतु अन्य महिला के नाम के स्थान पर स्वयं का फोटो लगाकर भूमि विक्रय में धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना मोहला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री 15 मार्च 2025 को सुबह लगभग 10.30 बजे मोहला आई थी। इसी दौरान आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर उसे सूनसान फॉरेस्ट डिपो जंगल क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मोहला में धारा 64(1), 64(2)(ड), 65(1) भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 4 एवं 6 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घर से पकड़ाया

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चंद्र के नेतृत्व में टीम गठित कर बलात्कार के आरोपी का पतासाजी कर 15 फरवरी को ग्राम केसारडबरी थाना अं. चौकी रवाना किया गया। आरोपी के घर को घेराबंदी कर आरोपी रितेश्वर उर्फ रितिक यादव 19 साल निवासी केसारडबरी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## सीबीएसई के निर्देश अनुसार कड़ी चेकिंग के बाद मिल रही एंट्री

# 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए डेढ़ हजार बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई बोर्ड की समय-सारिणी अनुसार बुधवार से 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो गई है। पहले दिन फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा आयोजित की गई। जिले के डेढ़ हजार बच्चे सीबीएसई की परीक्षा में शामिल हो रहे है। इस बार परीक्षा केंद्र में एंट्री से लेकर परीक्षा के दौरान अपने साथ रखने वाले काम्पॉस के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि तगड़ी मोर्चेबंदी के बीच परीक्षा संचालित हो रही है।

इस संबंध में सीबीएसई सिटी को-आर्डिनेटर मधुसूदन नायर ने बताया कि सीबीएसई ने राजनांदगांव संभाग में 7 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। जिसमें 4 राजनांदगांव सिटी, 2 डोंगरगढ़ तथा 1 खैरागढ़ सिटी में शामिल है। उन्होंने बताया कि सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 1798 तथा बारहवीं बोर्ड में 1524 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की समयावधि सुबह 10 से दोपहर 1.30 बजे तक है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के 40-50 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने कहा गया है। जिससे उन्हें ट्रेफिक की बाधाओं से आवागमन में परेशानी ना हो और उनकी निर्धारित अवधि में फ्रिसकिंग की प्रकिया पूरी की जा सके।


फाईल फोटो

### पारदर्शी बॉटल की अनुमति

नकल को रोकने के लिए सीबीएसई ने कुछ नियम भी बनाए हैं। जिसके अनुसार विद्यार्थी अपने साथ पारदर्शी पानी की बॉटल तथा पारदर्शी पाउच ही ला सकेंगे। सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा का प्रवेश पत्र, स्कूल यूनिफार्म, स्कूल आई कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र आएंगे। नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है, जो केंद्रों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे।

### देर से आने पर प्रवेश नहीं

सीबीएसई ने यह भी साफ कर दिया था कि देर से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बताया गया कि सभी विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे के पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें सीबीएसई के गाईड लाइन के अनुसार प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। अनुचित साधनों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, इसलिए विद्यार्थी परीक्षा केंद्र में पहुंचने के पूर्व अपनी जांच खुद करके यह इत्मिनान कर लें कि उनके पास कोई प्रतिबंधित वस्तु तो नहीं है।



## खबर संक्षेप



### क्रिकेट में छुईखदान ब्लॉक की जीत

**सड़क अतरिया।** नागपुर में दुबेलिया तेली समाज ने केंद्रीय ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया। स्पर्धा में छुईखदान ब्लॉक, गंडई, रायपुर, धमधा, पररसबोड, खैरागढ़, नागपुर ब्लॉक की टीम शामिल हुई। अंतिम मुकाबला छुईखदान और खैरागढ़ मध्य हुआ। रोचक मुकाबले में खैरागढ़ ब्लॉक पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में 56 रनों बनाए। छुईखदान टीम ने 6 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच के मैंन ऑफ द मैच हेमंत साहू रहे जिन्होंने 12 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। छुईखदान ब्लॉक के कप्तान छगन साहू ने जीत को टीम वर्क बताया। टीम में छगन, हेमंत, राहुल, मोहित, शीतल, सेवक, फुलेश्वर, विकास, विजय, नरेंद्र, सागर, शिव शामिल थे।

### आपरेशन के बाद चश्मा वितरण



**जेवरतला रोड।** ग्राम पिनकापार में गत दिनों नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन मोहनलाल, धरमचंद जैन के परिजनों ने किया था। शिविर के बाद 118 लोगों की आंख का आपरेशन किया गया। धरम चंद जैन ने चश्मा वितरण किया और सभी को आंख सुरक्षित रखने की सलाह दी। चश्मा वितरण करने के पहले लोगों वंदेमातरम का पर्चा वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य नरेश सोनी, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, जागृत देवांगन उपस्थित थे।

### फाग गायन प्रतियोगिता एक से

**विष्णुपुर।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन एक और 2 मार्च को रखा गया है। स्पर्धा के झांकी पक्ष में विजेताओं को क्रमशः 7001, 5001, 4001, 3001, 2001, 1001 रुपए, रचना पक्ष में 5001, 3001, 2001, 1501 एवं 1001 रूपए और फोटो फ्रेम दिया जाएगा। इसके अलावा प्रथम मंचस्थ मंडली, श्रेष्ठ राधा कृष्ण, श्रेष्ठ वेशभूषा, श्रेष्ठ वादन, श्रेष्ठ गायन, श्रेष्ठ अनुशासन और श्रेष्ठ रचना के लिए 501- 501 रुपए दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक भागवत वर्मा ने क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की है। इसी तिथि को सेम्हरा, गातापार खुर्द, खुर्शीपार, पुरैना, मुढीया मोहारा, रेंगाकठेरा, बुंदेलीकला में भी फाग स्पर्धा रखा गया है।

## जंगलों का हो रहा विनाश, नहीं हो रही कड़ी कार्रवाई

# सागौन की अवैध कटाई, रात को जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकास खण्ड अंतर्गत तीन वन परिक्षेत्र है जिसमें छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा वनाच्छादित है। यहां कीमती लकड़ी से लेकर खनिज संपदा का भंडार है। खुडमुड़ी, जंगल नवगांव और बैगिन बांध से लेकर पूरे विकास खण्ड में अवैध कटाई जोरशोर से चलने की खबर है जिसे लेकर क्षेत्र में व्यापक चर्चा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कीमती पेड़ों पर लगातार आरी चलाने के बाद भी जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं किसानों की जमीन में स्थित पेड़ों की भी बगैर अनुमति के कटाई की जा रही है।

पता चला है कि अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद वन विभाग के उच्च अधिकारी अर्धरात्रि में जंगलों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस जांच के बाद अब तक किसी बड़ी कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर अवैध कटाई किसके संरक्षण में किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र के घने जंगलों को अपूरणीय क्षति हो सकती है। पर्यावरण प्रेमियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी



#### कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जब वन कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी उसी क्षेत्र में रहती है, तो फिर खुलेआम अवैध कटाई कैसे संभव है? लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि कहीं न कहीं कर्मचारियों की मिलीभगत से इस अवैध कारोबार को संरक्षण मिल रहा है हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### डर से कतराने लगे वन कर्मी

पता चला है कि रात के अंधेरे में कर्मचारी सर्चिंग करने से कतराते है क्योंकि लकड़ी चोर जगह जगह गोला बिछा कर रखते हैं ताकि बरहा को मारा जा सके। इस क्षेत्र में बरहा की तादात बढ़ गई है जो खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं इसका फायदा लकड़ी चोर उठाते हैं। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में जंगली जानवरों के परिचलन की चर्चा भी है।

#### विभाग में हलचल

सूत्रों के अनुसार हालिया रात्रि निरीक्षण के बाद विभागीय अमले में हलचल जरूर बढ़ी है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कोई बड़ी कार्रवाई हो सकती है, जिससे संबंधित लोगों में दहशत का माहौल है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है और जंगलों की सुरक्षा के लिए क्या रणनीति अपनाई जाती है। क्षेत्रवासियों की नजरें विभागीय कार्रवाई पर टिकी है।

## हिन्दू जागरण मंच ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जिला राजनांदगांव में हिंदू जागरण मंच द्वारा 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतमाता चौक में किया गया, जहां संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यकर्ताओं ने "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" तथा "जब तक सूरज-चांद रहेगा, भारत माता के सपूतों का नाम रहेगा" जैसे जोशीले नारों के साथ वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा के वीर शहीदों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों का सम्मान करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। संगठन के पदाधिकारियों ने युवाओं से राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

#### एकता पर जोर

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की रक्षा और समाज की एकता के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुशील लड्ढा प्रवीण शर्मा दिनेश झूलन, प्रभात गुप्ता, हेमलाल ढीमर, राज बहादुर सिंह, आशीष तिवारी, मनोज गोलछा, भोला यादव, मौसमी शर्मा, महेंद्र, हरीश भानुशाली, रोहित यादव, रोहित सिन्हा, अभय सिन्हा, जसराज राठौर, मनोज गोलछा, राय साहब, हरीश गांधी, नीलू साहू, जुगल गुप्ता, महेश अग्रवाल, मनोज गोलछा, मनोज निर्वाणी, ममता शर्मा, हेमंत कश्यप, रोहित तिवारी, आशीष पांडे, संतोष टूरहते, आशीष टिंकू सोनी, राकेश कालू सेन, अनिल बाजपेई, संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** लोधी भवन डुंडेरा में मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष पंचराम चंदेल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पंचराम चंदेल, श्याम सुंदर हठीले, नरसिंग वर्मा, मोहन साहू, कमलेश्वर वर्मा, मदनमोहन साहू, नीलांबर वर्मा, द्वारका सिन्हा, पवन साहू, खिलेश्वर वर्मा, जयचंद वर्मा, नागेंद्र वर्मा, भागीराम कंवर, कामता साहू, भैरोलाल, प्रेमलाल, पंचुराम, भूपेंद्र साहू, इंद्रजीत साहु, लोकेश साहू, सहदेव वर्मा, तिलक नंदेश्वर, चंपालाल, बहल कीर्तन, रामदास वर्मा समेत अन्य शामिल हुए।

## श्रमिकों के लिए वरदान नई योजना : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

विकासखंड मुख्यालय में भाजपा ने विधानसभा स्तरीय वी बी जी राम जी कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्यवक्ता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सह वक्ता जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि हाल ही में विकसित भारत रोजगार और आजीविका योजना शुरू की गई है। यह योजना ग्रामीण परिवेश में रहकर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के लिए वरदान साबित होगी। इस योजना से अब 125 दिन रोजगार मिलेगा, साथ ही काम नही मिलने पर श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अब कार्ययोजना ग्राम सभा में तय की जाएगी। उपर से काम नहीं थोपा जायेगा। जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने बताया कि इस योजना के तहत जल सुरक्षा और संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका संवर्धधन के कार्य होंगे।



#### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यशाला में गोपाल भुआर्य, मीना पुजेरी, बीरम मंडावी, राधेश्याम शर्मा, शीशपाल साहू, कांताप्रसाद साहू, खिलेश्वर साहू, हृदय देवांगन, भेषबाई साहू, दीनदयाल साहू, अमीर खान, सुंदर साहू, पलनी स्वामी नायडू, राजेश्वर ध्रुवे, धन्ना यादव सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बिना देखरेख के चल रहे निर्माण कार्य

**डोंगरगढ़।** नगर में निर्माण कार्य भगवान भरोसे चल रहे है। डामरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण बिना अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में कराया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता की लगातार अनदेखी की जा रही है। अधिकारी निर्माण कार्य को देखना तो दुर कई दिनों तक कार्यालय नहीं आते। वहीं इंजीनियर कार्यों का मौका मुआयना किए बिना ही घर बैठे मूल्याकंन सत्यापन कर रही है। पालिका इंजीनियर वर्तमान में दो जगह पदस्थ है जो 10 से 15 दिन में केवल बिल बनाने आती है। अधिकांश निर्माण इस्टीमेट को नजर अंदाज कर किया जा रहा है।



#### मुख्यालय से बाहर

पालिका सीएमओ निरंतर मुख्यालय कार्यालय में दूर रही है साथ ही संपर्क करने पर फोन रिसीव नहीं करती है। बताया जाता है कि शहर की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने के बजाए उन्हे संरक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 15 मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए जांच की मांग की थी। यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

#### नियमतः भुगतान

इंजीनियर दिपाली तंबोली से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो का मुआयना करने के बाद ही भुगतान किया जा रहा है। शहर में कराए जा रहे निर्माण कार्य की जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि वह फाईल देख कर ही कुछ बता पाएंगी।

## शिविर में 200 से अधिक खातों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जटकन्हार डाकघर में आर्थिक अनियमितता उजागर होने और खाताधारकों के आंदोलन का असर मंगलवार को दिखाई दिया। विभाग की ओर से गांव में विशेष जांच शिविर लगाया गया। दिनभर में 200 से अधिक खातों की जांच की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण बचत और सावधि जमा खातों के दस्तावेज लेकर शिविर में पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि जिन खातों में अनियमितता की शिकायतें मिली हैं, उनकी विस्तृत जांच की जा रही है। जांच के बाद राशि का समायोजन किया जाएगा। अधिकारियों ने खाताधारकों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

#### खाताधारक परेशान

ग्रामीणों का आरोप है कि खातों की जांच में देरी की जा रही थी, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है। किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। खातों की जांच के लिए लगाए गए शिविर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल, कीर्तन कुमार ने शामिल होकर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने विभाग के अधिकारी से आवेदन लेने के लिए कर्मचारी नियुक्त करने कहा। जानकारी के अनुसार जांच अभियान तीन से चार दिन और चलेगा, ताकि अधिक से अधिक खातों की जांच हो सके।

## पुणे में मेंटरिंग कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान और गणित शिक्षण को नई दिशा देने की पहल हो रही है। पुणे स्थित प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें जिले के शिक्षकों ने हिस्सा लेकर आधुनिक एवं प्रयोगात्मक शिक्षण का अध्ययन किया। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में लगभग 100 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में व्याख्याता धनेश्वर देवांगन, काव्य प्रकाश दुबे, निरंजना कलामे, संध्या तिवारी, अंजू कौर कंजवानी ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा रायपुर के कोर्डिनेटर राजेश सोनकर तथा आइसर पुणे के लीड कॉर्डिनेटर अशोक रुपनेर, अंकीश तिरपुड़े तथा उनकी टीम का मार्गदर्शन मिला।



## घर बैठे मिल रहा शासकीय सेवा का लाभ

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में जिले के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को घर-पहुंच शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सर्विस ऑन व्हील्स- दिव्यांगजन एवं वृद्धजन सेवा रथ संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में क्लस्टर स्तर पर पंजीयन एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, तत्पश्चात सेवा रथ के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अभियान के तहत 6 क्लस्टर में शिविरों का आयोजन कर 917 लोगों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 486 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविरों में 80 का भौतिक सत्यापन, 252 आधार सीडिंग, 73 मृत्यु प्रकरण एवं 33 पलायन प्रकरणों का निराकरण किया गया। 141 का सहायक उपकरण दिया गया जिसमें ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र एवं वॉकिंग स्टिक शामिल हैं।

## गंडई में चालान जमा करने की सुविधा शीघ्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई के नागरिकों के लिए राहत भरी जानकारी सामने आई है। लंबे समय से चालान जमा करने की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब जल्द राहत मिलने वाली है। गंडई के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में चालान जमा करने की सुविधा शुरू हो जाएगी।

बता दें कि गंडई की लगभग 5 प्रतिशत से अधिक जनता को विभिन्न कार्यों के लिए चालान जमा करना पड़ता है। शहर के किसी भी बैंक में यह सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को 22 किमी दूर छुईखदान जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे की बर्बादी होती है। इस समस्या को गत दिनों हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद यह मांग प्रशासन और बैंक प्रबंधन तक पहुंची।



#### बैंक प्रबंधन ने दिया आश्वासन

नगर पंचायत अध्यक्ष की मांग पर बैंक प्रबंधन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द ही गंडई ब्रांच में चालान जमा करने सुविधा आरंभ करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर बैंक के दिवाकरप्रसाद सिंह, जयप्रकाश नारायण, अनंत माधव सहित अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

#### बैंक ऑफ बड़ौदा का शुभारंभ

18 फरवरी को पंडरिया रोड स्थित सीताराम कॉम्प्लेक्स में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और नगरवासियों की मौजूद थे। इस दौरान नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने अपने उद्बोधन में बैंक प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि गंडई के किसी भी बैंक में चालान जमा करने सुविधा नहीं होने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से यह सुविधा जल्द शुरू करने का आग्रह किया ताकि जनता की परेशानी दूर हो सके।

## महिला संगठन का अधिवेशन आयोजित

# महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नारी शक्ति ग्राम संगठन ने गत दिनों वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। उनके गांव पहुंचने पर महिलाओं एवं ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया।

उक्त मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि माताओं-बहनों की एकजुटता, आत्मविश्वास और समाज के विकास के प्रति समर्पण वास्तव में प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। जब महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं तो गांव, समाज और देश के विकास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयास करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।



#### महिलाओं से ही बदलाव

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि नारी शक्ति ग्राम संगठन महिलाओं के सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनकर परिवार और गांव के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने प्रेरित किया। इस मौके पर जनपद सभापति उत्तरा निषाद ने भी संबोधित किया।

#### पेश किया उपलब्धियों का लेखा

इस दौरान संगठन की महिलाओं ने अपनी गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच कमलेश सेवता, भागवत वैष्णव, दिव्या वैष्णव, रामतीबाई कंवर, रीनाबाई कंवर, ललिताबाई वैष्णव, दामनी कंवर, टुमेश्वरी साहू समेत अन्य महिलाएं मौजूद थी।



## खबर संक्षेप

### योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा 20 फरवरी को

**कवर्धा।** । राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंतर्गत तृतीय सत्र के लिए एसएससी, बैंकिंग, रेलवे एवं व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र के लिए 100 अभ्यर्थियों से निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण हेतु 30 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 20 फरवरी 2026 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा जिला मुख्यालय स्थित स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में आयोजित होगी।

### किसानो का पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक

**कवर्धा।** । जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर किया जा रहा है। योजनांतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में फसलों की बुवाई करने वाले कृषकों का पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित है।

### कार्रवाई: बोड़ला पुलिस ने दबिश देकर की कार्रवाई

# मवेशी तस्करी करते दो दबोचे गए, 13 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुखबिर से सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास कुल 13 नग भैंस-भैंसा बरामद किए है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल दाखिल किया गया है। इस संबंध में बोड़ला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 17 फरवरी की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति मवेशी भैंस-भैंसा कुल 13 नग को एक-दूसरे के गले में रस्सी बांधकर, बिना चारा-पानी के, क्रूरतापूर्वक डंडों से मारते-पीटते हुए रात्रि में चोरी-छिपे पक्की सड़क मार्ग से बोड़ला की ओर ले जा रहे हैं। मुखबिर से मिली इस सूचना की तस्दीक करने पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि मौके पर पुलिस को देखकर कुछ आरोपी रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। लेकिन मौके पर सूचनाकर्ता, ग्रामीणों की उपस्थिति में आरोपी शोभाराम बंजारे पिता महेत्तर बंजारे, उम्र 55 वर्ष तथा दिलीप बंजारे पिता श्याम बंजारे, उम्र 39 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मुड़ियापारा थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम को दबोच लिया गया।

### चोरी-छिपे जबलपुर (मध्यप्रदेश) ले जाए जा रहे थे मवेशी




पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथी संजू उर्फ संजय बंजारे पिता संतोष बंजारे निवासी मुड़ियापारा तथा अन्य के साथ देवसरा-बकेला क्षेत्र के आसपास के गांवों से भैंस-भैंसा खरीदकर एकत्र करते हैं तथा 11 नग भैंसा एवं 02 नग भैंसी (कुल 13 नग) को पैदल, रस्सियों से बांधकर, बिना चारा-पानी के मारते-पीटते हुए रात्रि में चोरी-छिपे जबलपुर (मध्यप्रदेश) की ओर ले जा रहे थे। मौके पर बरामद समस्त मवेशियों को थाना लाकर पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रतिवेदन देकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं बाद में उन्हें सुरक्षित रूप से गौशाला भेजा गया। आरोपियों शोभाराम बंजारे एवं दिलीप बंजारे के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# भयमुक्त विकास का दावा या बढ़ते अपराधों की सच्चाई?

### प्रशासन से जवाब चाहती है जनता: आनंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया नगर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के अलग-अलग समय पर लापता होने और हाल ही में एक अज्ञात नर कंकाल मिलने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेता आनंद सिंह ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं और प्रशासन से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पंडरिया निवासी पोचलू गोंड़ आयु 65 वर्ष, उनके सगे भाई नानहू गोंड़ तथा प्रभु गोंड़ आयु 35 वर्ष बीते कुछ महीनों में अलग-अलग समय पर लापता हुए हैं। प्रभु गोंड़ पिछले चार माह से लापता बताए जा रहे हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार खोजबीन के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। इसी बीच परिवार के घर से लगभग एक मील दूरी पर एक अज्ञात नर कंकाल



मिलने से मामला और भी गंभीर हो गया है। आनंद सिंह ने आरोप लगाया कि यह घटना किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा हो सकती है तथा स्थानीय पुलिस की लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं, नशाखोरी, हत्या, लूट, चोरी और मारपीट से आम जनता में दहशत का माहौल है और भयमुक्त विकास का दावा जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहा। उन्होंने इस मामले को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 21 तथा समान संरक्षण के अधिकार अनुच्छेद 14 से जुड़ा बताते हुए कहा कि यदि गरीब और आदिवासी परिवारों के मामलों में प्रशासन निष्क्रिय रहता है, तो यह शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

#### शासन-प्रशासन के समक्ष रखी गई मांगें

स्थानीय कांग्रेस नेता आनंद सिंह ने शासन प्रशासन से मांग की है कि तीनों लापता मामलों की उच्च स्तरीय, समयबद्ध और पारदर्शी जांच कराई जाए, मिले अज्ञात नर कंकाल की वैज्ञानिक जांच, विशेष रूप से डीएनए परीक्षण, कर सच्चाई सामने लाई जाए, क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर तत्काल प्रभावी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, पंडरिया विधायक पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने और उनके बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में ठोस पहल करें। आनंद सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पंडरिया से क्रमबद्ध जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बहाल करना शासन-प्रशासन की संवैधानिक जिम्मेदारी है और पंडरिया को भयमुक्त नहीं, बल्कि न्यायमुक्त होने से बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# मानिकचौरी व खैरझिटी में रखी गई विकास कार्यों की नींव

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से 23 लाख रुपए के कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा ग्राम मानिकचौरी एवं ग्राम पंचायत भेदली के आश्रित ग्राम खैरझिटी खुर्द में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 23 लाख रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत स्वीकृत इस राशि से ग्राम मानिकचौरी में तीन स्थानों पर नलकूप खनन एवं पंप स्थापना, तालाब में पिचिंग एवं पचरी निर्माण




कार्य तथा ग्राम खैरझिटी खुर्द में सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसका विधिवत भूमिपूजन बुधवार को किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेंद्र साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जनकल्याणकारी कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और इन कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने ग्रामवासियों को विकास कार्यों की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष वीर सिंह धुर्वे, विधायक प्रतिनिधि डॉ. खेमराज साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, भागवत सेन, सरपंच रामनाथ मोहले, सरपंच सुनीति कौशिक, ग्राम पटेल उदय सिंह साहू, जनपद सदस्य तामेश्वर साहू, आसवन साहू, उरेंद्र गोलू साहू, धालेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर कोटपा-2003 के तहत काटे गए 30 चालान




**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में तम्बाकू नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। वहीं कोटपा-2003 के नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कवर्धा शहरी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। जिला चिकित्सालय के सामने संचालित पान दुकानों, किराना स्टोर्स, थोक विक्रेताओं एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में स्थित दुकानों की जांच की गई। इस दौरान धारा 04 एवं 06 के तहत कुल 30 चालान काटे गए। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदारों एवं आम नागरिकों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा कोटपा-2003 के नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। संबंधित धाराओं की जानकारी वाले पाम्पलेट्स भी वितरित किए गए। प्राथमिक शाला खजरी में विद्यार्थियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व जिला नोडल अधिकारी, एनटीसीपी डॉ. रोशनी पटेल एवं देवेन्द्र ध्रुव ने किया। दल में श्रम विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

# फाइलेरिया रोग पर ग्राम बोरिया में जागरूकता शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम द्वारा ग्राम बोरिया के माध्यमिक शाला परिसर में फाइलेरिया (हाथी पांव) रोग के संबंध में एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के बारे में सही जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वच्छता और बचाव के प्रति जागरूक बनाना था। जागरूकता शिविर में विद्यालय के 62 छात्र-छात्राओं एवं 1 शिक्षक ने सक्रिय सहभागिता निभाई और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। शिविर के दौरान टीम द्वारा बताया गया कि फाइलेरिया, जिसे सामान्य भाषा में हाथी पांव कहा जाता है, मच्छरों के माध्यम से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है। यह रोग शरीर के लसीका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसके कारण हाथ, पैर या अन्य अंगों में असामान्य सूजन हो जाती है। छात्रों को समझाया गया कि यह रोग धीरे-धीरे विकसित होता है और समय पर उपचार न मिलने पर स्थायी विकलांगता का कारण बन सकता है। अतः इसकी रोकथाम और प्रारंभिक पहचान अत्यंत आवश्यक है।

#### बचाव एवं रोकथाम के उपाय

एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा विद्यार्थियों को मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने, घर एवं आसपास पानी जमा न होने देने, साफ-सफाई बनाए रखना एवं नियमित स्वच्छता अपनाने, शासन द्वारा संचालित सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में दी जाने वाली दवाइयों का सेवन अवश्य करने, शरीर में सूजन या असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करने की जानकारी के साथ विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वे अपने परिवार एवं समुदाय के लोगों को भी इस बीमारी के प्रति जागरूक करें, ताकि पूरे गांव में रोग की रोकथाम संभव हो सके।

# 7.57 करोड़ की लागत से दो सड़कों का भूमिपूजन आज

- भूमिपूजन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विकास को गति देते हुए 7 करोड़ 57 लाख 68 हजार रुपए की लागत से दो सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। बटुरा कछार से मदनपुर तक प्रधानमंत्री पक्की सड़क निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 69 लाख 81 हजार रुपए तथा खड़ौदा से मदनपुर तक प्रधानमंत्री पक्की सड़क निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 87 लाख 87 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों सड़कों का भूमि पूजन 19 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से स्वीकृत इस राशि से क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियों और आम नागरिकों



को सुगम मार्ग मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, प्रकाश चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि खेमराज साहू, विजय पटेल जनपद सदस्य श्रीमती छैली सुरेंद्र चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, रतन चंद्रवंशी, रमेश साहू, सरपंच उमेंद्र टंडन, चैतराम साहू, लखन साहू, श्रवण चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भूमिपूजन में शामिल होगें।

# कबीरधाम के अजय चंद्रवंशी जम्बूरी में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ की जिला संगठन आयुक्तों की समीक्षा बैठक मंगलवार को रायपुर स्थित राज्य मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने की। बैठक में राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में जिलों के कार्यों की निर्धारित एजेंडा के अनुसार वन-टू-वन समीक्षा की गई। कबीरधाम जिले से जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी शामिल हुए। जिला संगठन आयुक्तों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में अर्जित अंशदान की जानकारी प्रस्तुत की। राज्य मुख्य आयुक्त श्री खालसा ने शत-प्रतिशत शासकीय विद्यालयों से अंशदान जमा कराने के निर्देश दिए।




साथ ही स्वामी आत्मानंद विद्यालयों एवं अधिक से अधिक निजी विद्यालयों को भी स्काउट-गाइड गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर या आईटी जानकार लीडर्स, रोवर्स एवं रेंजर्स का सहयोग लेने की बात कही। बैठक में जिलों में सक्रिय लीडर्स की स्थिति, सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में आयोजित बेसिक कोर्स, कोर्स उपरांत प्रारंभ की गई नई यूनिट्स, आगामी सत्र की कार्ययोजना, जिला वार्षिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, मेम्बरशिप ग्रोथ स्ट्रेटजी, जिला डैशबोर्ड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में सहभागिता तथा आय-व्यय की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव, स्टेट कॉर्डिनेटर (मेम्बरशिप ग्रोथ) मोहम्मद सादिक शेख, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अमित क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूनम साहू एवं जलवती साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 2 करोड़ से बोड़ला में निर्मित होगा 50 सीटर आजजा बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास

# छात्रों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल: नितेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति विकास विभाग द्वारा नगर पंचायत बोड़ला में निर्मित किए जाने वाले 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का बुधवार को भूमिपूजन किया। जिसके लिए नगर पंचयात ने रामा गौशाला के पास डेढ़ एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। जहां 1.91 लाख 51 हजार रुपए की लागत से सर्वसुविधा युक्त छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कवर्धा विधानसभा के विधायक व प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध और सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा यह छात्रावास केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होगा, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव और नई पीढ़ी के सुनहरे सपनों को साकार करने का आधार बनेगा। जो



छात्रों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता विदेशीराम धुर्वे ने छात्रों से छात्रावास को मंदिर मान कर आस्था और विश्वास के साथ शिक्षा ग्रहण करने को कहा। उन्होंने ठेकेदार व विभागीय अधिकारीयों को भवन की सतत निगरानी करने का आग्रह किया जिससे गुणवत्ता युक्त मॉडल भवन का निर्माण कराई जा सके। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ खेल में भी विशेष रूचि लेने की समझाईस दी। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल ने कहा छात्रावास भवन के लिए जगह की कमी के चलते पिछले 2 वर्षों से लंबीत थी। उन्होंने कहा इसके लिए नगर पंचायत की टीम ने बड़ी मेहनत कर स्थल चयन किया है। इसलिए यहां निवासरत व अध्ययनरत छात्रों को अपने उज्वल भविष्य की चिंता करते हुए मन लगा कर पढ़ाई करने की जरुरत है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, भाजपा मंडल महामंत्री अमित वर्मा, मोहन कश्यप, लवकेश गुप्ता, लक्ष्मण सत्यवंशी, सोमनाथ धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, नरेश साहू, चैन सिंह खुसरो, फगनु धुर्वे व सहायक आयुक्त पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, छात्र छात्राएं व अधीक्षक उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खेलकूद एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन...



**कवर्धा।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय खेलकूद एवं साहित्यिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों के दिव्यांग बच्चों सहित दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, सिंघनपुरी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं साहित्यिक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## सार समाचार

### एनपीएस के विद्यार्थी ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल के 161 विद्यार्थियों ने जलाराम नमकीन फैक्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह फैक्ट्री विद्यालय के ही निदेशक भरत ठक्कर जलाराम ग्रुप की प्रतिष्ठित इकाई है। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नमकीन निर्माण की आधुनिक प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं स्वच्छता मानकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। फैक्ट्री में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया गया। द्यिार्थियों को नमकीन निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया कच्चे माल के चयन, निर्माण, तलने, पैकेजिंग एवं भंडारण के सभी चरणों को विस्तारपूर्वक दिखाया और समझाया गया। विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली को निकट से देखा और अनेक नई जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों में अत्याधिक उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षिका निशा वर्मा, दीक्षा कौशिक, पूजा व्यास, श्रद्धा राहुल, मार्टिना मसीह, कल्पेश चौहान, एकेडेमिक इंचार्ज लक्ष्मी चौहान एवं प्राचार्य भारती गौते की उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इस अनुभव से अधिकतम सीख प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल एवं उपयोगी आयोजन हेतु फैक्ट्री प्रबंधन, विशेषकर निदेशक भरत ठक्कर, अजय ठाकुर, जयेश ठक्कर का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### केस वर्कर और रसोईया भर्ती की सूची जारी

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर राजनांदगांव के केस वर्कर के 1 पद, बहुद्देशीय कर्मचारी व रसोईया के 1 पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी की गई है। जारी सूची के संबंध में 2 मार्च 2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर जिला राजनांदगांव में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। जारी पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल कर किया जा सकता हैं।

### मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर क्षेत्र का भ्रमण

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के बोरतलाब, डोंगरगांव विकासखंड के डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल से 30 प्रतिभागियों को भरीटोला, मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर में क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बकरीपालन एवं मुर्गीपालन के इनक्यूबेशन सेंटर, ब्रीडिंग सेंटर, टीकाकरण, डिवर्मिंग प्रक्रिया, हितग्राही शेड निर्माण का भ्रमण कराया गया और प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। भ्रमण के बाद संकुल प्रतिभागियों द्वारा बकरीपालन ब्रीडिंग सेंटर, मुर्गी अंडा इनक्यूबेशन सेंटर का संचालन किया जाएगा। पशु सखियों को उद्यमी के रूप में विकसित करते हुए हितग्राहियों को बकरीपालन, मुर्गीपालन, टीकाकरण, डिवर्मिंग का लाभ दिलाया जाएगा, जिससे पशु सखी एवं हितग्राही लखपति परिवार बन सकें।



### प्रीतम ने लहराया परचम



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय के मेधावी छात्र प्रीतम विश्वास ने प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में 98.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, बल्कि समूचे जिले को गौरवान्वित किया है। प्रीतम की यह सफलता उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, एकाग्रता और स्कूल के सशक्त शैक्षणिक ढांचे का परिणाम है। इस कठिन परीक्षा में प्राप्त यह अंक उनकी विषयगत पकड़ और समर्पण को दर्शाते हैं। प्रीतम की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रबंध समिति के सदस्य अतुल देशलहरा और आदित्य अग्रवाल ने छात्र की पीठ थपथपाते इसे उनकी निरंतरता और जुनून का प्रतिफल बताया। प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि प्रीतम ने जिस अनुशासन और लगन के साथ अपनी तैयारी की, यह परिणाम उसी का सुखद संगम है। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करने के प्रति संकल्पित रहा है।

## निधन



### प्रेम बहादुर सिंह

**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी प्रेम बहादुर सिंह का आज संध्या निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने वीआइपी रोड भवानी नगर स्थित निज आवास में अंतिम सांसे ली। वे बीते कुछ समय से उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। वे विजय बहादुर सिंह व करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के पिता व देवेश बहादुर सिंह, भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से सुबह 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

### शहर कांग्रेस ने देखी शहर के वार्डों की समस्याएं

# कन्हारपुरी में पुलिया का निर्माण ठप, तालाबों में गंदे पानी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम क्षेत्र के वार्डों से मिल रही विभिन्न शिकायतों को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने पार्षदों, पदाधिकारियों और वार्डवासियों के साथ अलग-अलग वार्डों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निगम की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते कहा कि सफाई, अधूरे निर्माण कार्य और कचरा डंपिंग जैसे गंभीर मुद्दों पर निगम केवल हवा-हवाई कार्यशैली अपना रहा है। निगम के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

कन्हारपुरी वार्ड में पुल एवं नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे का निरीक्षण करते श्री मुदलियार ने कहा कि युवक आकाश साहू की मौत के बाद से कार्य पूरी तरह ठप है। काम बंद रहने के कारण कार्य अधूरा होने से जान-माल की हानि का खतरा भी बना हुआ है। गंदा पानी तालाब में जा रहा है। जिससे जलस्त्रोत दूषित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में शहर में जलसंकट की स्थिति बनती है। ऐसे में तालाबों का संरक्षण प्राथमिकता होना चाहिए। तालाब दूषित होने से निस्तारी के लिए लोगों को पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाएगा।



#### कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, पार्षद मुकेश साहू, राजा तिवारी, युवराज भारती, अमित कुशवाहा व राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, नरेश साहू, मामराज अग्रवाल, दिनेश भानुशाली, गुरभेज एनी माखिजा, वीरेंद्र चंद्राकर, महेश यादव, गजेंद्र राजपूत, प्रेम रुचंदानी, राजिक सोलंकी ने तत्काल सुधार की मांग की है।

#### गौवंश की हो रही मौत

श्री मुदलियार ने कन्हारपुरी में सीआईटी कॉलेज के पीछे तथा सिंगदई वार्ड में उन स्थानों का भी निरीक्षण किया, जहां कचरा डंप किया जा रहा है। सिंगदई वार्ड में बछेरा पाट में नदी किनारे कचरा डंपिंग पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि यह पर्यावरण के लिए घातक है। यहां मवेशियों का झुंड प्लास्टिक खा रहा है। जिससे गौवंश की मौत हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र नदी का डुबान इलाका है। बारिश में प्लास्टिक और गंदगी सीधे नदी में मिल जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कचरे के ढेर में आग लगाई जा रही है। जिससे निकलने वाला जहरीला धुंआ आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

#### आयुक्त से मांगा जवाब

वार्डों के निरीक्षण के बाद जितेंद्र मुदलियार सीधे निगम कार्यालय पहुंचे और नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के सामने अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कन्हारपुरी में पुलिया निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग की। वहीं विभिन्न स्थानों पर कचरे का संग्रहण बंद करने सख्त चेतावनी दी। इस पर आयुक्त ने सोमवार से पुलिया निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही। जबकि दोनों स्थानों पर कचरा डंप बंद करने का आश्वासन दिया और आग बुझाने के पर्याप्त उपाय करने की बात कही।

## नंदई में विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन



**राजनांदगांव।** गुरू घासीदास वार्ड नं. 40 में नंदई कुंआ चौक बर्फ फैक्ट्री के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पार्षद केवरा राय, रवि सिन्हा, अरूण साहू, सतीश साहू, विजय राय, शरद सिन्हा, जसराज राठोर, मेवालाल असैया, मधु बैद एवं मामराज अग्रवाल की उपस्थिति में वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चनाकर भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की अधोसंरचना मद, अधोसंरचरा उपकर निधि तथा सांसद व विधायक निधि से स्वीकृति राशि से शहर के वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज विधायक निधि से 5 लाख रुपए की लागत से नंदई में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से वार्डों में हर प्रकार के विकास कार्य चाहे वह रोड, नाली निर्माण या भवन निर्माण आवश्यकता अनुसार कराए जा रहे हैं। उक्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, ताकि इसका लाभ जल्द मिल सके। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर विधायक डॉ. रमन सिंह ने भवन के लिए राशि स्वीकृत किए। जिसका निर्माण करने महापौर श्री यादव द्वारा भूमिपूजन किया जा रहा है।

## पुलिस की पहल से एक हुआ समाज और परिवार चार वर्षों से अंतरजाति विवाह का झेल रहा था दंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहरा वार्ड में अंतरजाति विवाह करने के चलते लगभग 4 वर्षों से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे एक परिवार को समाज में वापस मिलाने का कार्य पुलिस ने किया है। थाना में ही आपसी सहमति से समाज और परिवार फिर से एक हो गए।

मोहारा वार्ड नंबर 47 निवासी युवती ने एसपी को आवेदन प्रस्तुत कर कहा कि उसने बीते 11 अक्टूबर वर्ष 2021 को अन्य जाति के युवक से विवाह किया था। विवाह उपरांत वह अपने पति एवं संयुक्त परिवार के साथ निवासरत थी। अंतरजाति विवाह के कारण कुम्हार समाज द्वारा उसके ससुराल पक्ष को लगभग 4 वर्षों से सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मामले में सौहार्द्रपूर्ण निराकरण के लिए बसंतपुर थाना के टीआई एमन साहू को निर्देशित किया। जिसके बाद थाना प्रभारी बसंतपुर ने कुम्हार समाज के पदाधिकारी और क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों को थाना में आमंत्रित कर दोनों पक्षों की विस्तृत चर्चा कराई। जिसके बाद समाज के प्रमुख व्यक्तियों को स्थिति से अवगत कराते हुए सामाजिक बहिष्कार के दुष्परिणाम और कानूनी अधिकार को लेकर जानकारी दी और इस मामले में आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु समझाइश दी।



#### अंतिम बार है, सोच कर किया था आवेदन

पुलिस की मध्यस्थता के चलते कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों और पीड़ित पक्ष के बीच आपसी सहमति बन गई। समाज प्रमुखों ने इस परिवार को पुनः अपनाकर अपने समाज की मुख्य धारा में जोड़ लिया। इस मामले में कलेक्टर, एसपी, बसंतपुर थाना प्रभारी और थाना स्टाफ देवदास भारती के प्रति आभार जताते रामूलाल प्रजापति ने कहा कि उनकी बहू दूसरे समाज से थी, उनके पुत्र ने कोर्ट मैरिज किया था। इसके बाद से ही उनके परिवार को समाज से अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इन चार वर्षों में कई बार आवेदन करके थक चुके थे, अब अंतिम बार आवेदन कर रहे हैं, सोचकर 19 जनवरी को एसपी के समक्ष आवेदन किए थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में वापसी के लिए पुलिस की भूमिका काफी सराहनीय रही।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस मना

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मातृ-पितृ पूजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम चैयरमेन राजा मखीजा, भाजपा युवा नेता बंटी लाल, पूर्व पार्षद टिलेश्वरी साहू ने कार्यक्रम की सराहना की।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज मैं पूरे नगरवासी को मातृ-पितृ पूजन दिवस पर बधाई देता हूं तथा यह संस्कार जो हमारी प्राचीन संस्कृति थे, उसे वर्तमान में भी संस्कारित करने का काम वर्षों से जो चल रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है, क्योंकि आज मातृ-पितृ पूजन दिवस है, जिस तरह श्रीगणेश ने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद पाया और प्रथम पूज्य हुए।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि आज इस कार्यक्रम की



सराहना करते भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम सीपी राधाकृष्णन ने अपनी शुभकामनाएं पत्र प्रेषित की।

बाल संस्कार विभाग के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने प्रेरणादायक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की, फिर बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। आयोजन में लेखराम साहू, प्रवीण चक्रधारी, टहलुराम साहू, रमेश भोजवानी, हेमंत देशमुख, नतेस्वर साहू, खिलेंद्र नेगी, तेजराम यादव, मोहित वर्मा, घंसु साहू, प्यारेलाल वर्मा, सरिता चक्रधारी, संगीता, एरिना बहन, चंद्रप्रभा साहू, मालती जंघेल का सहयोग रहा।

## रेहान और ज्ञानेश्वरी ने जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राष्ट्रीय यूथ जूनियर व सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप स्पर्धा में राजनांदगांव के वेटलिफ्टर रेहान खान व ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते सब जूनियर (यूथ वर्ग) में 94 किग्रा वजन समूह में स्नेच 125 किग्रा क्लिनजर्क 161 किग्रा भार उठाते कुल 286 किग्रा वजन के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं राजनांदगांव पुलिस विभाग में कार्यरत व इंडिया कैम्प पटियाला में अभ्यासरत ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किग्रा वजन समूह में स्नेच, 83 किग्रा व क्लिनजर्क 103 किग्रा कुल वजन 186 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम की।

जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि मोदी नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में यूथ एवं सीनियर में गोल्ड मेडल लिए उनकी उपलब्धि से न केवल राजनांदगांव जिला, बल्कि छग प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरन्वित हुआ है। विशेष उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में छग को प्राप्त एकमात्र खिलाड़ी स्वर्ण पदक रेहान खान ने जीता। वही ज्ञानेश्वरी यादव ने छग पुलिस टीम से प्रतिनिधित्व करते अपने वजन ग्रुप में गोल्ड मेडल हासिल की। जिससे प्रदेश का खेल का गौरव और अधिक सुदृढ़ हुआ। उनकी सफलता, कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। जिससे प्रदेश के युवा एवं युवती खिलाड़ियों में नया उत्साह भर दिया है।

#### रेहान का रेलवे स्टेशन में स्वागत

श्री आजमानी ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात रेहान खान के राजनांदगांव आगमन पर रेलवे स्टेशन में जिला भारोत्तोलन संघ एवं जय भवानी व्यायाम शाला द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमित आजमानी, डोमन महोबिया, अजय श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास, नारायण लोहार, तामेश्वर बंजारे, मजहर खान समेत लोग उपस्थित थे। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## गठुला में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनादगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में समाज कार्य विभाग द्वारा 17 फरवरी को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान (अग्रणी दिग्विजय) एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव पर जनजागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उपरोक्त गतिविधि में समाज कार्य विभाग के प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गठुला राजनांदगांव में मोबाइल के दुष्परिणाम पर जनजागरूकता रैली निकाली गई व गांव का भ्रमण किया।

विभागाध्यक्ष ललिता साहू एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को पुरानी शिक्षा नीति एवं नवीन शिक्षा नीति के मध्य अंतर को समझाते इनमें शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर प्रकाश डाला तथा दिग्विजय



महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से समझाया।

उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन पर भी वक्तव्य दिया। साथ ही समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यालय के विद्यार्थियों को मोबाइल से होने वाले शारीरिक, मानसिक व स्वास्थ्य दुष्प्रभाव तथा इससे कैसे बचा जा सकता है, इस संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को अवगत कराया गया कि किस प्रकार विद्यार्थी अपना अमूल्य समय मोबाइल में दुरूपयोग कर रहे हैं।

### मेयर ने बकायेदारों को किया तलब, 50 लाख होंगे जमा

# शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव राजस्व अमला की समीक्षा बैठक लेकर शत-प्रतिशत वसूली के लिए कार्य करने निर्देश दिए तथा दुकानों का बकाया प्रीमियम व किराया जमा करने दुकानदारों को बुलाकर चर्चा की। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा तथा प्रभारी सदस्य सुनील साहू व सावन वर्मा, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।

महापौर श्री यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य रखकर कार्य करना है, सभी राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। बड़े बकायेदारों से संपर्क कर करो का भुगतान करने समझाई दें, कार्य योजना बनाकर कार्य करें, क्यूआर कोड के माध्यम से भी ऑनलाइन भुगतान लें। उन्होंने कहा कि विगत एक माह से अधिक समय तक



एसआईआर में ड्यूटी लगने के कारण वसूली प्रभावित हुई है तथा वर्तमान में वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, जिसे ध्यान में रखकर राजस्व वसूली के लिए घर-घर जाकर वसूली करने के अलावा राजस्व कार्यालय में भी अलग से कर लेने कर्मचारी तैनात करें। जिससे करदाता भटके न। साथ ही अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहकर संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर एवं दुकान किराया लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारो को बुलावे, जिनसे करो का भुगतान करने चर्चा की जा सके।

#### मेयर ने कहाः समय पर पटाए कर

महापौर श्री यादव के निर्देश पर दुकानदारों एवं बड़े बकायेदारों को महापौर कक्ष में बुलाया गया। गत दिवस दुकान के बड़े बकायादारों में सर्वेश्वरदास स्कूल व्यवासायिक परिसर तथा पुत्रीशाला व सुभाष द्वार के पास निर्मित प्रथम तल के दुकानदारों को बुलाया गया। जिनसे महापौर श्री यादव ने प्रीमियम राशि जमा करने चर्चा की। इसी प्रकार दुकानों के बड़े किराया बकायेदारों को आज बुलाया गया, जिनसे भी महापौर ने भुगतान के लिए चर्चा की। चर्चा उपरांत लगभग 50 लाख रुपए की बकाया राशि जमा करने कहा गया, जिस पर दुकानदारों ने बकाया राशि जमा करने सहमति दी। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों से भी कहा कि सर्वेश्वरदास स्कूल व्यवसायिक परिसर के शेष कार्य जल्द पूर्ण करें, ताकि दुकानदारों को राशि जमा करने के उपरांत आधिपत्य दी जा सके। उन्होंने यातायात नगर सहित अन्य बकायादारो को भी बुलाकर चर्चा कराने कहा। महापौर श्री यादव ने कहा कि संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर तथा दुकान किराया का भुगतान होने से निगम के कर्मचारियों को वेतन देने में सुविधा होती है। उन्होंने सभी करदाताओं से अपील की है कि अपने बकाया करों का भुगतान कर अधिभार या अन्य कार्रवाई से बचे।

### उत्तराधिकारी को एक लाख की मदद

**मोहला।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत सोनसायटोला के पंजीकृत श्रमिक शंभू राम की मृत्यु उपरांत उसकी वैध उत्तराधिकारी फिरंतिन बाई को एक लाख रुपये की हितलाभ राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की है।

0 **राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पोषण विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन 17 फरवरी को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.विद्यालय राजनांदगांव में किया गया।



## सीईओ ने कहा लक्ष्य आधारित कार्रवाई व मैदानी मॉनिटरिंग में नहीं हो लापरवाही

# संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा, सभी 6 इंडिकेटर पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयाम ने समय-सीमा की बैठक में संपूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित सभी 6 इंडिकेटरों को समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कागजी प्रगति तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक सुधार दिखाई देना चाहिए।

सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदानी अमले की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक इंडिकेटर की प्रगति रिपोर्ट साप्ताहिक आधार पर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा पशुपालन विभाग को लक्ष्य पूर्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे और विभागवार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। संपूर्णता अभियान 2.0 ये 6 प्रमुख इंडिकेटर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, सभी केंद्रों में शत-प्रतिशत शौचालय व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की शत-प्रतिशत उपलब्धता, स्कूलों में छात्राओं के लिए पर्याप्त शौचालय, पशुओं का एफएमडी टीकाकरण प्रतिशत बढ़ाना है।

### आकांक्षी बोड़ला में स्वास्थ्य, शिक्षा व पशुपालन पर विशेष फोकस



बोड़ला विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के रूप में चिन्हित करते हुए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत छह प्रमुख क्षेत्रों पर कार्य किया जा रहा है। इनमें 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को आईसीडीएस के तहत नियमित पूरक पोषण उपलब्ध कराना, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, शत-प्रतिशत शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्कूलों में छात्राओं के लिए पर्याप्त शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुओं के एफएमडी टीकाकरण प्रतिशत में वृद्धि करना शामिल है। सीईओ ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लक्ष्य से पीछे हैं, वहां गैप एनालिसिस कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को परिणाममुखी बनाने पर जोर दिया।

# निस्तारी तालाबों में डाला जा रहा नया पानी, गर्मी में ग्रामीणों को मिलेगी राहत

- ग्रामीणों ने पंचायत के इस प्रयास की सराहना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हरिनछपरा में गर्मी को देखते हुए निस्तारी तालाबों में नया पानी डाला जा रहा है। बताया जाता है कि निस्तारी तालाबों का पानी मटमैला हो गया था और निस्तारी योग्य नहीं रह गया था, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखा धुर्वे, उपसरपंच श्रीमती शीतला सत्यनारायण भारती तथा पंच सदस्य करण लहरे और गोरेलाल सिंहा की पहल पर तालाबों में नया पानी भरने का कार्य शुरू किया गया है। साथ ही साथ पंचायत द्वारा खराब मोटर पंप की मरम्मत कराई गई और पुराने व नए दोनों तालाबों में पानी डालने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को निस्तारी संबंधी किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय रहते यह कदम उठाया गया है। इस पहल से ग्रामवासियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा और मूलभूत सुविधाओं में सुधार आएगा। ग्रामीणों ने पंचायत के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई यह व्यवस्था गर्मी में बड़ी राहत साबित होगी।

### बीजा नहर नाला की साफ सफाई के अभाव में उग आए काटेदार खरपतवार

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी स्थित है जहां बीजा नाला से बीजा नहर उद्गम है, जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर की दूरी है। बीजा नहर नाला जो नेवारी बांध तक है इस बीजा नहर नाला से बीजझोरी, सिंघनपुरी व बरबसपुर के सैकड़ो किसानों ने अपनी खेतों की सिंचाई करते आ रहे हैं, लेकिन बीजा नहर नाला की साफ सफाई के अभाव में खरपतवार तथा कांटेदार पौधे उग आए हैं। जिनकी साफ सफाई करना अति आवश्यक हो गई है बरसात और गर्मी के दिनों में किसानों को सिंचाई करते समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि वर्तमान में इस बीजा नहर नाला की साफ सफाई कर दिया जाए तो सैकड़ो किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सकता है। इस ओर शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है ताकि सैकड़ो किसानों को बीजा नहर नाला से सिंचाई का साधन मिल सके और बेहतर तरीका से कृषि कार्य हो सके और अच्छे फसल उत्पादन प्राप्त कर सके सैकड़ो किसानों ने साफ सफाई करने की मांग कर रहे हैं ताकि किसानों को सिंचाई करते समय और वर्तमान में आने-जाने का रास्ता नहीं है जिनके कारण से आने-जाने में मुश्किल हो रहा है इसलिए नहर पार पर रास्ता भी निर्माण कराया जाए ताकि कृषि कार्य करते समय किसानों को लाभ मिल सके।

# पीएम आवास योजना से साकार हुआ सपनों का आशियाना

## प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली श्याम बाई की जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत डबरी निवासी श्रीमती श्याम बाई और उनके पति परसन का जीवन पहले अभावों और कठिनाइयों से घिरा हुआ था। साधारण किसान परिवार होने के कारण गौ पालन और दिहाड़ी मजदूरी ही आजीविका का मुख्य आधार था। जर्जर कच्चे मकान में रहना उनकी मजबूरी थी, जहां बरसात के मौसम में टपकती छत, दरकती दीवारें और ढह जाने का भय हर पल चिंता बढ़ाता था। हर वर्ष मरम्मत पर खर्च होने से परिवार की सीमित आय आगे बढ़ने के अवसर नहीं दे पाती थी। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण उनके जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। योजना में चयनित होने के बाद आवास निर्माण हेतु 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि तीन किश्तों में सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुई।

ग्राम पंचायत स्तर पर मैदानी कर्मचारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से निर्धारित समय सीमा में पक्का आवास पूर्ण हो गया। यह घर केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक बन गया। आवास के साथ अन्य शासकीय योजनाओं का समन्वित लाभ भी परिवार को मिला। महात्मा गांधी नरेगा से 90 मानव दिवस के बदले लगभग 22 हजार रुपए की मजदूरी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस चूल्हा, नल जल योजना से शुद्ध पेयजल, विद्युत सुविधा, आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य योजना से राशन कार्ड, मुख्यमंत्री पेंशन योजना से प्रतिमाह 500 रुपए तथा महतारी वंदन योजना से 500 रुपए प्रतिमाह की सहायता प्राप्त हो रही है। शासन की योजनाओं के समग्र लाभ से परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है और भविष्य के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों की सतत समीक्षा की जा रही है ताकि सभी पात्र परिवारों को समय पर पक्का घर मिल सके। गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में लगभग 28 हजार परिवार अपने नए पक्के घरों में गृह प्रवेश कर चुके हैं, जो समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### ग्राम पेंड्रीकला प्रभात फेरी मंडली ने भगवान महादेव का किया अभिषेक



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में पं. मनहरण वैष्णव एवं पं. सागर तिवारी के नेतृत्व में प्रभात फेरी मंडली पेण्ड्रीकला वासियों द्वारा प्रातः काल पेंड्रीकला के मुख्य गली-मोहल्ले व चौक-चौराहों में श्रीराम नाम का गुणगान करते हुए भ्रमण किया तत्पश्चात राम नगर, शंकर चौक स्थित शिव मंदिर में भगवान महादेव का विधिवत पूजा-पाठ व हवन कर अभिषेक किया गया। बताया जाता है कि वर्षो से निरन्तर प्रातः काल श्रीराम नाम का श्रद्धा भक्ति से गुणगान करते हुए आ रहे हैं, जिसमें रामकुमार गुप्ता, अरविंद चंद्राकर, रामकुमार पटेल, रामलाल यादव, नरेश चंद्रसेन, संतोष पटेल, नारायण पटेल, मोहन कश्यप, सीताराम पटेल, टुकेश पटेल, प्रदीप चंद्राकर, मुकेश कुंभकार, राजेंद्र पटेल, परस निषाद, दुर्गेश पटेल, सुखचैन पटेल, झरना यादव, प्रियंका यादव, समीरा निषाद, ओम यादव, शिवराज यादव, भुनेश्वरी पटेल, रामचरण यादव, जलेश्वर यादव, राजकुमार कश्यप एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### 10 मार्च तक वार्डवार शिविर, 2.44 लाख की वसूली, जलकर बकाया पर 3 नल कनेक्शन कटे



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक आयोजित शिविरों में 2,44,430 रूपए की राजस्व वसूली की गई है, वहीं जलकर बकाया नहीं चुकाने वाले तीन उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन भी काटे गए हैं। यह अभियान 10 मार्च तक जारी रहेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि नगर के 27 वार्डो में तिथिवार शिविर लगाकर संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्ज, दुकान किराया-भाड़ा सहित विभिन्न बकाया करों की वसूली की जा रही है। निर्धारित अवधि में कर अदायगी नहीं करने वाले बकायादारों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। राजस्व वसूली शिविर सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक लगाए जा रहे हैं। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से 9 तक आदर्श नगर शिव मंदिर परिषर, वार्ड 10 से 18 तक स्वामी करपात्री पार्क गार्डन तथा वार्ड 19 से 27 तक गांधी मैदान में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम शिविर 17 फरवरी, द्वितीय 24 फरवरी और तृतीय शिविर 10 मार्च को संपन्न होगा। अभियान का संचालन सीएमओ रोहित साहू के मार्गदर्शन में राजस्व शाखा प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी, राजस्व उप निरीक्षक बद्रीराम साहू एवं नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। जलकर वसूली के लिए कर्मचारियों द्वारा घर-घर संपर्क किया जा रहा है और बकाया नहीं चुकाने वालों के कनेक्शन विच्छेद किए जा रहे हैं। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि समय पर कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों की सूची भी आगामी दिनों में सार्वजनिक की जाएगी।

### संगठन में मजबूती लाने के लिए ब्लॉक स्तरीय विशेष बैठक आयोजित

**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई के मार्गदर्शन में जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल तथा ब्लॉक अध्यक्ष कुंडा उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में ब्लॉक विस्तार हेतु विशेष आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें कुण्डा ब्लॉक के सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी उपस्थित थें, जिसमें ब्लॉक के विस्तार हेतु आवश्यक चर्चा किया गया और रूप रेखा तैयार किया गया कि आने वाले चुनाव की तैयारी में अभी से संगठन को मजबूती लाने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में विशेष बैठक लिया जा रहा है और मनरेगा बचाओ अभियान के बारे में भी विशेष चर्चा किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से उत्तरा दिवाकर, सुमित पाल खनूजा, प्रमोद पात्रे, रामावतार सिंगरौल, अंशु साहू, शैलेश दिवाकर, प्रीति ठाकुर, भरत साहू, मनोज भास्कर, दिनेश पाण्डेय, परमानन्द साहू, धन्नूराम यादव, राधे घृतलहरे, शेखर रात्रे, परमेश्वर सोनवानी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



### शोकसंतप्त परिजनों से की भेंट-मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष तथा सर्व कुर्मी समाज के प्रदेश महासचिव नंदलाल चंद्राकर की धर्मपत्नी के निधन का समाचार मिलते ही अर्जुन तिवारी उनके ग्राम रापा पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से सौजन्य भेंट कर ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अर्जुन तिवारी इन दिनों पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप से जनसंपर्क कर रहे हैं। क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए वे आमजन से निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। इस दौरान उन्हें ग्राम रापा निवासी नंदलाल चंद्राकर की धर्मपत्नी के निधन की सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद वे तत्काल शोक प्रकट करने उनके निवास पहुंचे। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# कोलेगांव में हर्षोल्लास के साथ मातृ पितृ पूजन दिवस व वार्षिकोत्सव मनाया गया



- विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड के ग्राम सेमरकोना में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में हर्षोल्लास के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस व वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पूजन कर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी उपस्थित थें। विशिष्ट अतिथि रामाधार शर्मा, पवन शर्मा, संतोष साहू, श्रीमती उत्तरा धुर्वे, दिनेश पांडेय, सुरेश धुर्वे, विनय शर्मा, भागवत साहू, भागबली साहू, प्रेमलाल सिंगरौल, लुकेश सिंगरौल, शेखर सिंगरौल, कुलेश चंद्रवंशी, धर्मेंद्र साहू व शिक्षक शिक्षिकाएं व पालक गण उपस्थित थें। वहीं कार्यक्रम के समापन पर कक्षा 10वीं के छात्राओं को विदाई देकर किया गया।

जिस पर संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव ने इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय संस्था में कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया तथा बच्चों का सफल होने के प्रदान किया। मातृ-पितृ पूजन के अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों एवं अतिथियों को को माता-पिता की सेवा करने और उनके साथ रहकर ही अपने कर्तव्यों को पूरा करने प्रेरित किया।

## दो दिवसीय कार्यक्रम में नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

# अभ्युदय स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा में विगत दिनों 16 एवं 17 फरवरी तक को प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे-मुन्ने का कोमलांगी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा द्वि-दिवसीय वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह उत्सव बाल-मन की निष्कलुष अभिव्यक्ति, सृजनात्मकता, आत्मविश्वास तथा सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम सिद्ध हुआ। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे मासूम, चंचल, किलकारी भरते बाल-कलाकारों ने अपनी मधुर मुस्कान, भोली भाव-भंगिमाओं एवं सुमधुर प्रस्तुतियों से समस्त दर्शक-दीर्घा को मंत्रमुग्ध कर दिया। संपूर्ण वातावरण हर्ष, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक सिंह, निर्देशक सपन चोपड़ा, प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, उप-प्राचार्य फजलुर रहमान खान, को ऑर्डिनेटर श्रीमती रीता सिंह, प्री-प्राइमरी को ऑर्डिनेटर सुश्री मौसमी वैष्णव, समस्त शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थीगण की स्नेहिल उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्जवलन एवं तिलक वंदन से हुआ, जिससे समूचा वातावरण पावन एवं गरिमामय हो उठा। मंच संचालन दल द्वारा सुस्पष्ट एवं आत्मविश्वासपूर्ण स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तथा नन्हे स्वर-कुंजों द्वारा गाया गया मधुर स्वागत-गीत मानो कोयल की कूक सा वातावरण में मधुरिमा घोल गया। इस दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि नंदकुमार सोनी, श्रीमती वर्षा सोनी, संजय जैन, श्रीमती मनीषा जैन रहे। विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण और प्राचार्य के मार्गदर्शन ने हमारे बच्चे के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। पश्चात बाल-कलाकारों की मनोहर प्रस्तुतियों की श्रृंखला रंग-बिरंगे परिधानों में सजे चंचल शिशुओं ने सुसंगठित समूह नृत्य द्वारा दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। नन्हे पगों की लयबद्ध थिरकन और भोली मुस्कान ने सबका मन मोह लिया। एकल नृत्य प्रस्तुतियों में बाल-हृदय की निष्कपट अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास झलकता दिखाई दिया।

### बच्चों के आत्मविश्वास व ऊर्जा स्वतः ही बढ़ जाता है: अभिषेक सिंह

चेयरमैन अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब छोटे-छोटे बच्चे मंच पर आते हैं, तो वे सर्वप्रथम अपने माता-पिता को ही खोजते हैं। जैसे ही उनकी दृष्टि अपने अभिभावकों पर पड़ती है, उनका उत्साह, आत्मविश्वास और ऊर्जा स्वतः ही बढ़ जाती है। अतः विद्यालय और अभिभावकों के मध्य सुदृढ़ समन्वय एवं सतत संवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हमारी कक्षा में 30 विद्यार्थी हैं, जहां प्रत्येक छात्र को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और स्नेहपूर्ण वातावरण उपलब्ध है। परंतु यदि हम व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो देश के अनेक शिक्षण संस्थानों में एक ही कक्षा में सैकड़ों–हजारों विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। ऐसे परिवेश में वास्तविक चुनौती केवल आगे निकलने की नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानने की होती है। अतः हमें अंधी प्रतिस्पर्धा की दौड़ में शामिल होने के स्थान पर अपने बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभाओं, रुचियों और विशिष्ट कौशलों को पहचानना चाहिए तथा उन्हें उचित दिशा और प्रोत्साहन प्रदान करना चाहिए। जब हम प्रत्येक बालक की मौलिक क्षमता को समझकर उसे संवर्धित करने का प्रयास करते हैं, तभी वह आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त करता है।



## सार समाचार

### एनपीएस के विद्यार्थी ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल के 161 विद्यार्थियों ने जलाराम नमकीन फैक्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह फैक्ट्री विद्यालय के ही निदेशक भरत ठक्कर जलाराम ग्रुप की प्रतिष्ठित इकाई है। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नमकीन निर्माण की आधुनिक प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं स्वच्छता मानकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। फैक्ट्री में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया गया। द्यिार्थियों को नमकीन निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया कच्चे माल के चयन, निर्माण, तलने, पैकेजिंग एवं भंडारण के सभी चरणों को विस्तारपूर्वक दिखाया और समझाया गया। विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली को निकट से देखा और अनेक नई जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों में अत्याधिक उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली। इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षिका निशा वर्मा, दीक्षा कौशिक, पूजा व्यास, श्रद्धा राहुल, मार्टिना मसीह, कल्पेश चौहान, एकेडेमिक इंचार्ज लक्ष्मी चौहान एवं प्राचार्य भारती गौते की उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें इस अनुभव से अधिकतम सीख प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल एवं उपयोगी आयोजन हेतु फैक्ट्री प्रबंधन, विशेषकर निदेशक भरत ठक्कर, अजय ठाकुर, जयेश ठक्कर का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### केस वर्कर और रसोईया भर्ती की सूची जारी

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर राजनांदगांव के केसवर्कर के 1 पद, बहुद्देशीय कर्मचारी व रसोईया के 1 पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी की गई है। जारी सूची के संबंध में 2 मार्च 2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर जिला राजनांदगांव में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। जारी पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल कर किया जा सकता हैं।

### मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर क्षेत्र का भ्रमण



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के बोरतलाब, डोंगरगांव विकासखंड के डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल से 30 प्रतिभागियों को भर्रीटोला, मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर में क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बकरीपालन एवं मुर्गीपालन के इनक्यूबेशन सेंटर, ब्रीडिंग सेंटर, टीकाकरण, डिवर्मिंग प्रक्रिया, हितग्राही शेड निर्माण का भ्रमण कराया गया और प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। भ्रमण के बाद संकुल प्रतिभागियों द्वारा बकरीपालन ब्रीडिंग सेंटर, मुर्गी अंडा इनक्यूबेशन सेंटर का संचालन किया जाएगा। पशु सखियों को उद्यमी के रूप में विकसित करते हुए हितग्राहियों को बकरीपालन, मुर्गीपालन, टीकाकरण, डिवर्मिंग का लाभ दिलाया जाएगा, जिससे पशु सखी एवं हितग्राही लखपति परिवार बन सकें।

### प्रीतम ने लहराया परचम



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय के मेधावी छात्र प्रीतम विश्वास ने प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में 98.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, बल्कि समूचे जिले को गौरवान्वित किया है। प्रीतम की यह सफलता उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, एकाग्रता और स्कूल के सशक्त शैक्षणिक ढांचे का परिणाम है। इस कठिन परीक्षा में प्राप्त यह अंक उनकी विषयगत पकड़ और समर्पण को दर्शाते हैं। प्रीतम की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रबंध समिति के सदस्य अतुल देशलहरा और आदित्य अग्रवाल ने छात्र की पीठ थपथपाते इसे उनकी निरंतरता और जुनून का प्रतिफल बताया। प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि प्रीतम ने जिस अनुशासन और लगन के साथ अपनी तैयारी की, यह परिणाम उसी का सुखद संगम है। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करने के प्रति संकल्पित रहा है।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस मना



**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मातृ-पितृ पूजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, नगर निगम चैयरमेन राजा मखीजा, भाजपा युवा नेता बंटी लाल, पूर्व पार्षद टिलेश्वरी साहू ने कार्यक्रम की सराहना की। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज मैं पूरे नगरवासी को मातृ-पितृ पूजन दिवस पर बधाई देता हूं तथा यह संस्कार जो हमारी प्राचीन संस्कृति थे, उसे वर्तमान में भी संस्कारित करने का काम वर्षों से जो चल रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है, क्योंकि आज मातृ-पितृ पूजन दिवस है, जिस तरह श्रीगणेश ने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद पाया और प्रथम पूज्य हुए। श्री योग वेदांत सेवा समिति के जिला अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि आज इस कार्यक्रम की सराहना करते भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम सीपी राधाकृष्णन ने अपनी शुभकामनाएं पत्र प्रेषित की। बाल संस्कार विभाग के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि आज के सुंदर

## निधन



### प्रेम बहादुर सिंह

**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी प्रेम बहादुर सिंह का आज संध्या निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने वीआइपी रोड भवानी नगर स्थित निज आवास में अंतिम सांसे ली। वे बीते कुछ समय से उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। वे विजय बहादुर सिंह व करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के पिता व देवेश बहादुर सिंह, भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से सुबह 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## शहर कांग्रेस ने देखी शहर के वार्डों की समस्याएं

# कन्हारपुरी में पुलिया का निर्माण ठप, तालाबों में गंदे पानी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम क्षेत्र के वार्डों से मिल रही विभिन्न शिकायतों को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने पार्षदों, पदाधिकारियों और वार्डवासियों के साथ अलग-अलग वार्डों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निगम की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते कहा कि सफाई, अधूरे निर्माण कार्य और कचरा डंपिंग जैसे गंभीर मुद्दों पर निगम केवल हवा-हवाई कार्यशैली अपना रहा है। निगम के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

कन्हारपुरी वार्ड में पुल एवं नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे का निरीक्षण करते श्री मुदलियार ने कहा कि युवक आकाश साहू की मौत के बाद से कार्य पूरी तरह ठप है। काम बंद रहने के कारण कार्य अधूरा होने से जान-माल की हानि का खतरा भी बना हुआ है। गंदा पानी तालाब में जा रहा है। जिससे जलस्त्रोत दूषित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में शहर में जलसंकट की स्थिति बनती है। ऐसे में तालाबों का संरक्षण प्राथमिकता होना चाहिए। तालाब दूषित होने से निस्तारी के लिए लोगों को पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाएगा।



### कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

उत्तर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, पार्षद मुकेश साहू, राजा तिवारी, युवराज भारती, अमित कुशवाहा व राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, नरेश साहू, मामराज अग्रवाल, दिनेश भानुशाली, गुरभेज एनी माखिजा, वीरेंद्र चंद्राकर, महेश यादव, गजेंद्र राजपूत, प्रेम रुचंदानी, राजिक सोलंकी ने तत्काल सुधार की मांग की है।

### गौवंश की हो रही मौत

श्री मुदलियार ने कन्हारपुरी में सीआईटी कॉलेज के पीछे तथा सिंगदई वार्ड में उन स्थानों का भी निरीक्षण किया, जहां कचरा डंप किया जा रहा है। सिंगदई वार्ड में बछेरा पाट में नदी किनारे कचरा डंपिंग पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि यह पर्यावरण के लिए घातक है। यहां मवेशियों का झुंड प्लास्टिक खा रहा है। जिससे गौवंश की मौत हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र नदी का डुबान इलाका है। बारिश में प्लास्टिक और गंदगी सीधे नदी में मिल जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कचरे के ढेर में आग लगाई जा रही है। जिससे निकलने वाला जहरीला धुंआ आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

### आयुक्त से मांगा जवाब

वार्डों के निरीक्षण के बाद जितेंद्र मुदलियार सीधे निगम कार्यालय पहुंचे और नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के सामने अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कन्हारपुरी में पुलिया निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग की। वहीं विभिन्न स्थानों पर कचरे का संग्रहण बंद करने सख्त चेतावनी दी। इस पर आयुक्त ने सोमवार से पुलिया निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही। जबकि दोनों स्थानों पर कचरा डंप बंद करने का आश्वासन दिया और आग बुझाने के पर्याप्त उपाय करने की बात कही।

## नंदई में विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन



**राजनांदगांव।** गुरू घासीदास वार्ड नं. 40 में नंदई कुंआ चौक बर्फ फैक्ट्री के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पार्षद केवरा राय, रवि सिन्हा, अरूण साहू, सतीश साहू, विजय राय, शरद सिन्हा, जसराज राठोर, मेवालाल असैया, मधु बैद एवं मामराज अग्रवाल की उपस्थिति में वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चनाकर भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की अधोसंरचना मद, अधोसंरचरा उपकर निधि तथा सांसद व विधायक निधि से स्वीकृति राशि से शहर के वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज विधायक निधि से 5 लाख रुपए की लागत से नंदई में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से वार्डों में हर प्रकार के विकास कार्य चाहे वह रोड, नाली निर्माण या भवन निर्माण आवश्यकता अनुसार कराए जा रहे हैं। उक्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, ताकि इसका लाभ जल्द मिल सके। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर विधायक डॉ. रमन सिंह ने भवन के लिए राशि स्वीकृत किए। जिसका निर्माण करने महापौर श्री यादव द्वारा भूमिपूजन किया जा रहा है।

# पुलिस की पहल से एक हुआ समाज और परिवार चार वर्षों से अंतरजाति विवाह का झेल रहा था दंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहरा वार्ड में अंतरजाति विवाह करने के चलते लगभग 4 वर्षों से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे एक परिवार को समाज में वापस मिलाने का कार्य पुलिस ने किया है। थाना में ही आपसी सहमति से समाज और परिवार फिर से एक हो गए।

मोहारा वार्ड नंबर 47 निवासी युवती ने एसपी को आवेदन प्रस्तुत कर कहा कि उसने बीते 11 अक्टूबर वर्ष 2021 को अन्य जाति के युवक से विवाह किया था। विवाह उपरांत वह अपने पति एवं संयुक्त परिवार के साथ निवासरत थी। अंतरजाति विवाह के कारण कुम्हार समाज द्वारा उसके ससुराल पक्ष को लगभग 4 वर्षों से सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मामले में सौहार्द्रपूर्ण निराकरण के लिए बसंतपुर थाना के टीआई एमन साहू को निर्देशित किया। जिसके बाद थाना प्रभारी बसंतपुर ने कुम्हार समाज के पदाधिकारी और क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों को थाना में आमंत्रित कर दोनों पक्षों की विस्तृत चर्चा कराई। जिसके बाद समाज के प्रमुख व्यक्तियों को स्थिति से अवगत कराते हुए सामाजिक बहिष्कार के दुष्परिणाम और कानूनी अधिकार को लेकर जानकारी दी और इस मामले में आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु समझाइश दी।

### अंतिम बार है, सोच कर किया था आवेदन

पुलिस की मध्यस्थता के चलते कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों और पीड़ित पक्ष के बीच आपसी सहमति बन गई। समाज प्रमुखों ने इस परिवार को पुनः अपनाकर अपने समाज की मुख्य धारा में जोड़ लिया। इस मामले में कलेक्टर, एसपी, बसंतपुर थाना प्रभारी और थाना स्टाफ देवदास भारती के प्रति आभार जताते रामूलाल प्रजापति ने कहा कि उनकी बहू दूसरे समाज से थी, उनके पुत्र ने कोर्ट मैरिज किया था। इसके बाद से ही उनके परिवार को समाज से अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इन चार वर्षों में कई बार आवेदन करके थक चुके थे, अब अंतिम बार आवेदन कर रहे हैं, सोचकर 19 जनवरी को एसपी के समक्ष आवेदन किए थे। उन्होंने कहा कि आज समाज में वापसी के लिए पुलिस की भूमिका काफी सराहनीय रही।

## रेहान व ज्ञानेश्वरी ने जीते गोल्ड मेडल



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय यूथ जूनियर व सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप स्पर्धा में राजनांदगांव के वेटलिफ्टर रेहान खान व ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार प्रर्दशन करते सब जूनियर (यूथ वर्ग) में 94 किग्रा वजन समूह में स्नेच 125 किग्रा क्लिनजर्क 161 किग्रा भार उठाते कुल 286 किग्रा वजन के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं राजनांदगांव पुलिस विभाग में कार्यरत व इंडिया कैम्प पटियाला में अभ्यासरत ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किग्रा वजन समूह में स्नेच, 83 किग्रा व क्लिनजर्क 103 किग्रा कुल वजन 186 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम की। अमित आजमानी ने बताया कि मोदी नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में यूथ एवं सीनियर में गोल्ड मेडल लिए उनकी उपलब्धि से न केवल राजनांदगांव जिला, बल्कि छग प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरन्वित हुआ है। विशेष उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में छग को प्राप्त एकमात्र खिलाड़ी स्वर्ण पदक रेहान खान ने जीता।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनादगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में समाज कार्य विभाग द्वारा 17 फरवरी को पोषक विद्यालय संपर्क अभियान (अग्रणी दिग्विजय) एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव पर जनजागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

उपरोक्त गतिविधि में समाज कार्य विभाग के प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गठुला राजनांदगांव में मोबाइल के दुष्परिणाम पर जनजागरूकता रैली निकाली गई व गांव का भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष ललिता साहू एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

